# उदय प्रताप कालेज, वाराणसी
(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांकः 16.12.2023

## छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा निर्देश

1. आय प्रमाण–पत्र पिता/अभिभावक के नाम से होना चाहिए। विद्यार्थी के नाम से मान्य नहीं होगा।
2. निवास प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. परिचय–पत्र, फीस रसीद की छायाप्रति।
5. वाराणसी जनपद में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में खोले गये खाते की पासबुक की छायाप्रति, बैंक खाता छात्र के नाम से ही होना चाहिए।
6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
7. हाईस्कूल व अन्य शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति।
8. नवीनीकरण के छात्र केवल अगली कक्षा में प्रवेश की तिथि तथा गत कक्षा का परीक्षाफल व नामांकन संख्या अंकित करते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। नवीनीकरण के आवेदन में कोई अन्य सूचना नहीं भरनी होगी।
9. वार्षिक परीक्षाफल अथवा सेमेस्टर होने की दशा में दोनों सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के बाद उत्तीर्ण/प्रोन्नत होने पर ही छात्र अपने पूर्व आवेदन–पत्र का नवीनीकरण कर सकेंगे।

नोटः विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाईन फार्म भरने के बाद प्राचार्य कार्यालय के शैक्षणिक अनुभाग से श्री विजय प्रताप सिंह एवं श्री धीरज कुमार सिंह से फार्म प्राप्त करेंगे तथा उसे पूरित कर लेखा अनुभाग में श्री सिराजुद्दीन के पास जमा करेंगे। प्रथम वर्ष के छात्रों का ऑनलाइन नया रजिस्ट्रेशन होगा, जबकि द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी अपने गत वर्ष के रजिस्ट्रेशन नम्बर पर ही ऑनलाइन आवेदन करेंगे। स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थी नामांकन संख्या की जगह अपना आई.डी. नं0 अंकित करेंगे।

प्राचार्य